# प्रेस विज्ञप्ति
# जनपद बस्ती
# दिनांक:-23.02.2021

## रेलवे रिजर्वेशन ई-टिकट के साफ्टवेयर रेडमिर्ची तथा ANMS को तैयार कर ऑन लाइन बेचने वाला गिरोह का मुख्य अभियुक्त वांछित/50000 का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री हेमराज निर्देश के क्रम में जनपद बस्ती में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री रवीन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एंव क्षेत्राधिकारी हरैया श्री शेषमणि उपाध्याय के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल बस्ती एवं गोण्डा की संयुक्त टीम के द्वारा ई-टिकट साफ्टवेयर गैंग का सफल अनावरण करते हुए मुख्य अभियुक्त हामिद अशरफ पुत्र जमीरुल हसन उर्फ लल्ला को एअरपोर्ट बैंग्लौर से दिनांक-17.02.2021 को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड पर लाया गया है, जिसे आज मा0 न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

**(1)** हामिद अशरफ पुत्र जमीरुल हसन उर्फ लल्ला निवासी- रमवापुर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती। हाल मुकाम-जी-8/103 घनसौली नवीं मुम्बई रेलवे स्टेशन घनसौली के पास थाने महाराष्ट्र।

**बरामदगी का विवरण-:**

1- नकद भारतीय मुद्रा 01 लाख 55 हजार रुपये।
2- नकद विदेशी मुद्रा दरहम 8920/ (भारतीय मुद्रा 176600/ रु0)
3- आईफोन 12 प्रो0 कीमत 01 लाख 30 हजार रुपये।
4- आईफोन घड़ी कीमत 30 हजार रुपये।
5- पासपोर्ट एवं दुबई का रेजीडेंस वीजा।

**पूछताछ का विवरण/ अपराध का तरीका:-**

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ से पाया गया कि यह वर्ष 2012-13 में वेस्ट मंत्रा कम्युनिटी बस्ती में शेयर मार्केट का कार्य करता था इस कार्य के दौरान ही इसका सम्पर्क मोइनुलहक उर्फ लल्लू निवासी-गाँधीनगर थाना कोतवाली बस्ती से हुआ इससे इसने टी सिस्टम साफ्टवेयर वर्ष 2014 में खरीदा जो दो-तीन महीने में बंद हो गया। इसके बाद यह वर्ष 2014 में ही फैजाबाद निवासी-हरमेन्द्र उर्फ विक्की के सम्पर्क में आया तथा उससे थन्डरवर्ल्ड साफ्टवेयर लिया। इस साफ्टवेयर को क्रैक करके इसने

यह जानकारी दी कि साफ्टवेयर कैसे काम करता है। इस दौरान यह बस्ती में रहकर आईटीआई व कम्प्यूटर का प्रशिक्षण का कार्य भी सीखा तथा इसी दौरान कोड़िंग का कार्य भी सीखा तथा 2014-15 में इसने अपना एक साफ्टवेयर ब्लैक टीएस तैयार किया। इसी मामले में वर्ष 2016 में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर इसे जेल भेजा गया। वर्ष 2017 में इसने पुनः दूसरा साफ्टवेयर रेड मिर्ची नाम से तैयार किया तथा यू-ट्यूब पर वीडियो बनाकर लोगों को जोड़ने लगा इस दौरान इसका सम्पर्क योगेन्द्र विश्वकर्मा, मनोज महतों, महबूब अहमद, सत्यवान उपाध्याय उर्फ बाबा, अतीक रिज़वी आदि लोगों से हुआ। कुछ समय बाद जब रेड मिर्ची साफ्टवेयर कई जगह पकड़ा गया तो उसने इसका नाम बदल कर ANMS कर दिया। वर्ष 20018-19 में इस साफ्टवेयर के काफी ग्राहक इससे जुड़े तथा इसने प्रति साफ्टवेयर 1000/रु से 1500/ रुपये की दर से सुपर सेलर व सेलर के माध्यम से बेंचा और कमीशन की धनराशि को विभिन्न फर्जी पोर्टल एकाउण्ट व नगद धनराशि के रुप में प्राप्त किया, इसके लिए इसने सुपर सेलर स्मार्ट शॉप, MOS SPAY INDIA, HARMAS नामक पोर्टल का उपयोग किया। वर्ष 2019 में जनपद गोण्डा के थाना खोड़ारे से अभियोग में नामित होने के उपारन्त यह सऊदी अरब भाग गया और वहीं से जनवरी 2020 तक इस व्यवसाय में आनलाईन सम्मिलित रहा व जनवरी 2020 में इसने इस साफ्टवेयर को बंद कर दिया। पूछताछ में इसने यह भी बताया कि मैं 12वीं तक शिक्षा कप्तानगंज, बस्ती में प्राप्त किया इसके उपारन्त आईटीआई व वर्ष 2010 में ही कम्प्यूटर का प्रशिक्षण एवं उसके बाद सिड इन्फोटेक नवीं मुम्बई से कम्प्यूटर साइंस का एक साल का कोर्स व पिस्टन इंस्टीट्यूट वॉसी से एथिकल हैकिंग का कार्य सीखा हूँ। इसके द्वारा उक्त व्यवसाय से निम्नलिखित परिसम्पत्तियां क्रय किया जाना बताया गया है।

**चल-अचल सम्पत्तियाँ-**

1. अहमदनगर (मुम्बई) में प्लाट 7000 वर्ग फिट जिसकी कीमत करीब 02 करोड़ रुपये।
2. घनसैली थाणे (मुम्बई) में फ्लैट कीमत करीब 01 करोड़ रूपये।
3. कस्बा कप्तानगंज में मकान का निर्माण करीब 01 करोड़।
4. कस्बा कप्तानगंज में मकान के पीछे की जमीन जो परिवारीजनों के नाम खरीदी गयी कीमत करीब 02 करोड़ रुपये।
5. कप्तानगंज जनपद बस्ती में मछली मण्डी के पास जमीन करीब 5 विस्वा जमीन कीमत करीब 25 लाख रुपये।
6. बस्ती टोल प्लाजा के पास जमीन कीमत करीब 25 लाख रुपये
7. HMD माल जो कस्बा कप्तानगंज में बना है जिसकी लागत करीब 5 करोड़ है।
8. कठार जंगल में कुल 15 बीघा जमीन कीमत करीब 1.25 करोड़ रूपये।
9. वायरलेस चौराहा कस्बा कप्तानगंज से थाने की तरफ जाने वाली रोड पर 12 विस्वा जमीन व व्यवसायिक दुकानें कीमत करीब 02 करोड़ रूपया।
10. रमवापुर कला में 03 बीघा जमीन कीमत 01 करोड़ रुपया।
11. कप्तानगंज कस्बे में किराना मार्ट कीमत करीब 50 लाख रुपया।
12. बनकटा मिश्र में जमीन 10 बीघा जमीन कीमत 03 करोड़ रुपये।

13. ग्राम रमवापुर में एक मुर्गी फार्म हाऊस कीमत 10 लाख रुपये।

14. कप्तानगंज में एक डेयरी फार्म हाउस कीमत करीब 40 लाख रुपये।

15. कस्बा कप्तानगंज में पुरानी मस्जिद के पास अपने परिवार के व मामा के नाम जमीन कीमत करीब 01 करोड़ रुपये।

16. हाईवे पर फुटहिया पेट्रोल पम्प के पास जमीन कीमत करीब 50 लाख रुपये।

17. मुम्बई के तलौजा में स्टील का व्यवसाय कीमत करीब 02 करोड़ रुपये का।

18. बस्ती शहर में पंचपेड़िया रोड पर मामा के नाम जमीन कीमत करीब 50 लाख रुपये।

19. घर पर परिवारीजनों के नाम 03 ट्रैक्टर, 01 बोलेरो वाहन खरीदा गया।

20. गोल्ड मीडिया कंपनी जो योगेन्द्र विश्वकर्मा चला रहा है, ने करीब 08 करोड़ रुपये का निवेश। इसके अतिरिक्त समशेर निवासी गोण्डा को करीब 07 करोड़ रुपये व्यवसाय हेतु दिया।

21. शेयर मार्केट में 04.5 करोड़ रुपये का निवेश जो पैसा डूब जाना बता रहा है।

22. स्वयं व परिवारीजनों के विभिन्न खातों में करीब 30 लाख रुपये का होना बताया, जिसे पूर्व में फ्रिज कराया जा चुका है।

23. अभियुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि इसके सह अभियुक्त योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा भदोही में काफी चल-अचल सम्पत्तियाँ जिसमें जमीन व व्यावसायिक कॉम्पलेक्श व मुम्बई में फ्लैट लिया गया है, जिसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। यह सम्पत्तियाँ इसके द्वारा दी गयी धनराशि से ही क्रय की गयी है।

**पूछताछ में अभियुक्त द्वारा करीब 50 करोड़ के आस-पास की सम्पत्तियाँ/धनराशि उक्त व्यवसाय से अवैध तरीके से अर्जित किया जाना बताया गया है। पूछताछ में प्राप्त तथ्यों के आधार पर उपरोक्त सम्पत्तियों के जब्तीकरण हेतु नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।**

**आपराधिक इतिहास का विवरण:-**

1- मु0अ0सं0-269/19 धारा-34/419/420/467/468/471 भा0द0सं0 व 43/65/66/66सी/66डी/70 आईटी एक्ट थाना हरैया जनपद बस्ती।
2- मु0अ0सं0119/19 धारा-436 भा0द0सं0 व ¾ विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा।
3- मु0अ0सं0-2533/19 धारा-143 रेलवे एक्ट आर0पी0एफ0 पोस्ट गोण्डा।
4- मु0अ0सं0-261/20 धारा-143 रेलवे एक्ट आर0पी0एफ0 पोस्ट बस्ती।
5- मु0अ0सं0-6577/17 धारा-419/420 भा0द0सं0 व 143 रेलवे एक्ट सीबीआई बैंग्लौर।
6- सीबीआई दिल्ली आर0सी0 2212/2020 143 रेलवे एक्ट।

**कार्यवाही करने वाली टीमः-**

1- निरीक्षक श्री नरेन्द्र यादव आरपीएफ पोस्ट बस्ती मय टीम ।
2- निरीक्षक श्री दशरथ प्रसाद सी0आई0बी0 गोरखपुर मय टीम ।
3- निरीक्षक श्री प्रवीण कुमार आर0पी0एफ0 पोस्ट गोण्डा मय टीम।
4- श्री सर्वेश राय थानाध्यक्ष हरैया मय टीम ।
5- उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह सर्विलांस टीम जनपद बस्ती मय टीम।